सुविचार



धर्म एक बहुत ही व्यापक और विस्तृत विचार है, जो समाज को बनाए रखने के सभी पहलुओं से संबंधित है।

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## बरेली महानगर

बरेली, शनिवार, 28 फरवरी 2026


### बरेली के प्रमुख समाचार


- दरोगा व अग्निवीर अभ्यर्थियों का 14-15 मार्च को लगेगा मेला-II
- एक चौथाई नो मैपिंग मतदाताओं की नहीं हुई सुनवाई-III
- फूलों की वर्षा कर स्वच्छ और स्वस्थ होली का दिया संदेश-IV




**इफ्तार** शनिवार शाम
सुन्नी : 6:16
शिया : 6:25

**सहरी** रविवार सुबह
सुन्नी : 5:14
शिया : 5:06

## विश्वविद्यालय में अवकाश आज से

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलसचिव हरीश चंद ने 28 फरवरी और 7 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर तैयारियों के मद्देनजर निरस्त किए गए अवकाश की प्रतिपूर्ति के लिए स्वीकृत किया गया है।

### शहर में आज

- बरेली कॉलेज परीक्षा भवन के पास में डॉ. सीवी रमन पार्क व उनकी प्रतिमा का अनावरण सुबह 10 बजे।
- यूपी बोर्ड परीक्षा पहली पाली सुबह 8:30 से 11:45 बजे और दूसरी पाली दोपहर 2 से शाम 5:15 बजे।
- श्री वाष्र्णेय सभा की ओर से फाग एवं छप्पन भोग महोत्सव पीलीभीत बाईपास रोड स्थित ओशी बैंक्वेट हॉल में शाम 5 बजे।
- सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड परीक्षा सुबह 10 से 1:30 बजे तक।
- 166 वां वार्षिकोत्सव पर ऐतिहासिक रामलीला का मंचन नरसिंह मंदिर बड़ी बमनपुरी में रात 8 बजे।
- राज्य ललित कला अकादमी एवं कन्या महाविद्यालय आर्य समाज की ओर से अर्बन कोऑपरेटिव बैंक सभागार में चित्रकला प्रदर्शनी का समापन दोपहर 2 बजे।
- प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल की ओर से होली उत्सव निर्मल रिजार्ट में रात 8 बजे।

## फूलों से होली खेल मनाया उत्सव



**बरेली, अमृत विचार :** इनर व्हील बरेली साउथ ग्लोरी के सदस्यों ने शुक्रवार को फन सिटी में होली उत्सव उमंग और उत्साह के साथ मनाया। सदस्यों ने एक दूसरे को चंदन का टीका, गुलाल लगाने के साथ फूलों की पंखुड़ियां से होली खेलकर शुभकामनाएं दीं। होली थीम पर गेम की विजेता सरिता अग्रवाल रहीं। तंबोला, एक मिनट गेम, गीत, संगीत, नृत्य के साथ कार्यक्रम और रोचक बनाया गया। क्लब प्रेसिडेंट डॉ. सुधा भाटिया, मंडल सचिव डॉ. नीलू मिश्रा, क्लब सेक्रेटरी अनुपमा शर्मा, एडिटर गीता जैन, सीपीसीसी डॉ. मीना जैन, गुरमीत कौर, सीमा जैन, उमा कमल, ऋतु जैन, बरखा कंचन, वंदना सक्सेना, रिमझिम, लता मित्तल, मधु अग्रवाल, प्रतिमा जौहरी आदि मौजूद रहीं।

## होली पर सुरक्षा पुख्ता, पूरे जिले में अलर्ट रहेगी पुलिस

- खुफिया इकाइयों को सक्रिय कर संवेदनशील क्षेत्रों में की जाएगी ड्रोन से निगरानी
- एसएसपी ने थाना प्रभारियों को गश्त और संदिग्धों पर नजर रखने के दिए निर्देश

**बरेली, अमृत विचार:** रंगों के त्योहार होली को शांतिपूर्ण रूप से मनाने के लिए पुलिस महकमा जिले के शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी तरह सतर्क हो गया है। सुरक्षा के व्यापक इंतजामों के तहत खुफिया इकाइयों को सक्रिय किया गया है और संवेदनशील इलाकों पर ड्रोन से निगरानी के आदेश जारी किए गए हैं।

एसएसपी अनुराग आर्य ने शुक्रवार को बताया कि इस बार भीड़भाड़ वाले और संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी। संदिग्ध हलचल दिखने पर तुरंत फोर्स तैनात किया जाएगा। पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है और थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में लगातार गश्त करने तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। बाजारों, चौराहों और होलिका दहन स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। एसएसपी ने यह भी बताया कि सभी होलिका दहन स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। जिन स्थानों पर पहले किसी प्रकार के विवाद सामने आए थे, वहां रिजर्व फोर्स भी तैयार रखी गई है। एसएसपी ने आमजन को चेतावनी दी कि माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली और आपूर्ति विभाग के अधिकारी रहे निशाने पर

### जिला पंचायत बोर्ड बैठक : सदस्यों और अधिकारियों की नोक-झोंक के बीच 105.56 करोड़ के बजट पर लगी मुहर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बैठक में किसानों और क्षेत्र की समस्याओं की लगी झड़ी

**अमृत विचार :** जिला पंचायत बोर्ड की शुक्रवार को आयोजित बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 105.56 करोड़ रुपये का बजट पास हुआ। वहीं, सदस्यों ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी के समय पर न पहुंचने पर जिला पंचायत सदस्यों ने जमकर हंगामा करते हुए सालों से अटके गन्ना भुगतान को लेकर जिला गन्ना अधिकारी को भी निशाने पर लिया। इस दौरान नोक-झोंक भी हुई।

जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल की अध्यक्षता में जीआईसी ऑडिटोरियम में शुक्रवार को बोर्ड बैठक आयोजित हुई। बोर्ड बैठक में विकास के प्रस्तावों से ज्यादा हंगामा भ्रष्टाचार के आरोपों और अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर रहा। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल और सांसद छत्रपाल गंगवार की मौजूदगी में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 105.56 करोड़ रुपये का बजट पास हुआ। बैठक की कार्रवाई शुरू होते ही सभी 60 सदस्यों ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बिजली और पूर्ति विभाग को कटघरे में खड़ा करते हुए एक के बाद एक सवालों की झड़ी लगा दी। सदस्यों ने 20 साल से बदहाल सड़कों, राशन कार्ड बनवाने में दलाली और एक बल्ब का 10 हजार बिल आने जैसे गंभीर मुद्दों पर अधिकारियों को घेरा। इस दौरान तीखी नोकझोंक हुई।

जिला पंचायत की अपर मुख्य अधिकारी डॉ. नीतू सिसौदिया ने बताया कि बैठक में जिला पंचायत का मूल बजट 1 अरब 5 करोड़ एवं पुनरीक्षित बजट 1 अरब 19 करोड़ पारित किया गया। साथ ही वर्ष 2026-27 में विकास कार्यों के लिए लगभग 55 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। क्षेत्र के समग्र विकास, जनसमस्याओं के समाधान एवं आगामी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के अंत में सदन में फरीदपुर विधायक डॉ. श्याम बिहारी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। बैठक में एमएलसी महाराज सिंह, विधायक राघवेंद्र शर्मा, विधायक एमपी आर्य, प्रशासनिक अधिकारियों में सीडीओ देवयानी, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, एसपी नॉर्थ मुकेश चंद्र मिश्रा और सीएफओ मनु शर्मा उपस्थित रहे।





बैठक में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, एमएलसी महाराज सिंह व अन्य।



अधिकारियों से संतोषजनक जवाब न मिलने पर हंगामा करते जिला पंचायत सदस्य।

#### बहेड़ी चीनी मिल बंद होने से किसान परेशान

बहेड़ी तहसील के वार्ड 14 की जिला पंचायत सदस्य संतोष भारती ने किसानों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा बहेड़ी की चीनी मिल बंद हो गई। किसान परेशान हैं अपना गन्ना कहां ले जाएं। किसानों का पिछला बकाया भी अभी तक नहीं मिला। किसान धरना-प्रदर्शन करते हैं तो पुलिस-प्रशासन उन पर दबाव बनाता है। उन्होंने आवारा पशुओं का मुद्दा भी उठाया। कहा कि बहेड़ी से केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद हैं, लेकिन किसानों की समस्या की सुनवाई नहीं हो रही है।

#### 20 साल से खराब रास्तों पर मांगा जवाब

बैठक में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को भी सदस्यों ने घेर लिया। उन्हें तीखे सवालों का सामना करना पड़ा। मझौआ गंगापुर और बहेड़ी की कुंदरा कोठी मार्ग की बदहाली पर अधिकारियों ने सफाई दी कि टेंडर प्रक्रिया में है और एक सप्ताह में काम शुरू होगा। बहेड़ी शुगर मिल मार्ग के 20 साल से खराब होने के मुद्दे पर सदस्यों ने सड़क निर्माण की मांग की। मुड़िया रोड का मुद्दा भी सदन में उठा। इस पर अधिकारी लगातार टेंडर प्रक्रिया में होने की बात कह कर आश्वासन दिलाते रहे, मगर 20 मिनट तक सदस्यों ने अधिकारियों को घेर कर एक के बाद एक आरोप लगाते हुए प्रश्न दागे।

#### पूर्ति कार्यालय को बताया दलालों का अड्डा

जिला पंचायत सदस्य निरंजन यदुवंशी ने सवाल करते हुए आरोप लगाया कि पूर्ति कार्यालय पूरी तरह से दलालों का अड्डा बन चुका है। जहां बिना सुविधा शुल्क के नए राशन कार्ड नहीं बन रहे हैं। साथ ही कहा कि जरूरतमंदों की यूनिटें काटी जा रही हैं। मामला तब और गरमा गया जब जिला पूर्ति अधिकारी मनीष सिंह बैठक में आधा घंटा देरी से पहुंचे। सांसद छत्रपाल गंगवार ने सख्त लहजे में कहा कि विभाग में बाहरी और प्राइवेट लोगों का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, उन्हें तत्काल हटाया जाए।

#### बिजली विभाग भ्रष्टाचार का केंद्र, गरीबों को लूट रहा

जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश सातवें आसमान देखने को मिला। जिला पंचायत सदस्य छेदा लाल दिवाकर ने विभाग की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल उठाए और इसे भ्रष्ट विभाग करार दिया। सदन में गूंजा कि लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण ग्रामीण क्षेत्र की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। सदन में सदस्यों ने मुद्दा उठाया कि गरीब ग्रामीणों को कनेक्शन तो दे दिए गए, लेकिन एक-एक बल्ब का बिल 10 हजार रुपये तक आ रहा है। जब ग्रामीण भारी-भरकम बिल सुधरवाने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटते हैं, तो बिना सुविधा शुल्क और दलालों के हस्तक्षेप के कोई भी काम नहीं हो रहा है।

## मिलावट रोकने को आगे आए व्यापारी उड़न दस्ता गठित





बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- उ.प्र. व्यापारी सुरक्षा फोरम ने बैठक कर टीम की गठित मिलावटखोरों की सूचना देगी टीम

**अमृत विचार :** होली पर खाद्य पदार्थों में हो रही बड़े पैमाने पर मिलावट को रोकने के लिए व्यापारी स्वयं आगे आए हैं। उत्तर प्रदेश व्यापारी सुरक्षा फोरम के महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला के नेतृत्व में शुक्रवार को संजय नगर में बैठक करके मिलावट करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए उड़न दस्ते का गठन किया गया। उड़न दस्ते का प्रभारी महानगर युवा अध्यक्ष विष्णु शुक्ला और सह प्रभारी सोनू मौर्या को बनाया गया है। ये दोनों मिलावटखोरों के यहां दस्तक देकर संबंधित अधिकारी को अवगत कराते हुए कार्रवाई कराएंगे।

बैठक में साफ किया गया कि होली त्योहार नजदीक है, ऐसे में कई दुकानदार खाद्य पदार्थों में मिलावटी करते हैं। जिसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उड़नदस्ता लगातार बाजारों में घूमकर मिलावट करने वालों की शिकायत जिलाधिकारी और खाद्य विभाग के अधिकारियों से करेगा। सभी ने एक साथ कहा कि मिलावट करने वाले लोगों का समाज को भी पुरजोर विरोध करना चाहिए। ये समाज के दुश्मन हैं, खाने पीने की चीजों में मिलावट से बच्चे बीमार पड़ रहे हैं, लोगों की जान जा रही है। इसका व्यापार मंडल सख्त विरोध करता है।

महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में मिलावट करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। उसके बावजूद भी जिले के बाहरी क्षेत्रों से होली पर भारी मात्रा में मिलावटी खोया आता है, दूध में मिलावट हो रही है। इसके खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

## तीन की जगह पांच मार्च को घोषित हो अवकाश

**बरेली, अमृत विचार :** अवकाश को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में डीएम को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अफसर को सौंपा। अध्यक्ष जितेंद्र गंगवार ने बताया कि होली हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है। चूंकि डीएम कार्यालय की अवकाश तालिका में 3 मार्च का स्थानीय अवकाश है, वहीं मुख्यमंत्री द्वारा तीन का सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है। अवकाश तालिका में होली का मुख्य त्योहार चार मार्च को अंकित है। तमाम शिक्षक अन्य जनपद में रहते हैं। कहा कि तीन के स्थान पर पांच मार्च को जनपद का स्थानीय अवकाश घोषित किया जाए।

## व्यापारियों में 35 साल पुरानी दुकानें तोड़ने के नोटिस से गुस्सा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त को दिया ज्ञापन
- नोटिस निरस्त करने और नियमानुसार फिर से नपाई कराने का अनुरोध किया

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने शुक्रवार को नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से मुलाकात कर कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप से सूद धर्मकांटा तक 35 वर्ष पुरानी दुकानों को तोड़ने के लिए दिए गए नोटिसों पर विरोध जताया। इस दौरान मांगों को लेकर ज्ञापन भी दिया।

व्यापारियों ने आरोप लगाया कि नोटिस में किसी भी प्रकार का ठोस साक्ष्य नहीं दिया गया कि इन दुकानों ने निगम की जमीन पर अतिक्रमण किया है। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र रस्तोगी ने कहा कि यदि कुछ अतिक्रमण हुआ होता, तो पिछले 35 वर्षों में निगम की ओर से किसी को नोटिस क्यों नहीं मिला, अब अचानक सड़क निर्माण के बहाने दुकानों को अवैध क्यों घोषित किया जा रहा है, व्यापारियों ने बताया कि सड़क की नापजोख के दौरान जब निगम के अधिकारियों से अतिक्रमण के बारे में पूछा गया, तब कोई ठोस प्रमाण नहीं प्रस्तुत किया गया। संरक्षक शिव कुमार अग्रवाल ने कहा कि कि हमने अधिकारियों से अनुरोध किया कि पहले दुकानों की नपाई और साक्ष्यों के आधार पर स्थिति स्पष्ट की जाए। फिर ही कोई कार्रवाई की जानी चाहिए। व्यापारियों ने नगर आयुक्त से आग्रह किया कि उक्त रोड पर सभी दुकानों की नापजोख और जमीन से संबंधित सटीक जानकारी हासिल कर, केवल नियम और साक्ष्यों के आधार पर ही कोई कार्रवाई की जाए। जब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक जारी नोटिस को निरस्त किया जाना चाहिए। व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि नगर निगम उनके सहयोग से निष्पक्ष निर्णय लेकर दुकानों और सड़क निर्माण दोनों के हितों का संतुलन बनाएगा। सुधीर गोयल, अभय अग्रवाल, अंकुर किशोर, अरुण कुमार, राज गोपाल, पवन निहलानी, संजय आंनद, अनिल, संजय गर्ग आदि मौजूद रहे।





नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य को ज्ञापन देते व्यापारी नेता। ● अमृत विचार

**सफर होगा आसान** | 6 मार्च से 30 जून तक प्रतिदिन होगा मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन, रेलवे ने स्पेशल ट्रेन की घोषणा करने के साथ समय सारणी जारी की

## मां पूर्णागिरि मेला : रेलवे चलाएगा दो जोड़ी मेला स्पेशल ट्रेन, मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली





- श्रद्धालुओं को आने जाने में मिलेगी सहूलियत

**अमृत विचार :** मां पूर्णागिरि मेला के मद्देनजर रेल प्रशासन ने दो जोड़ी अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन 05307/05308 टनकपुर-बरेली जं.-टनकपुर व 05451/05452 कासगंज-टनकपुर-कासगंज का संचालन 6 मार्च से 30 जून तक प्रतिदिन करने की घोषणा की है। इससे श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी।

इज्जत नगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि 05308 बरेली जंक्शन-टनकपुर मेला स्पेशल गाड़ी बरेली जंक्शन से 01.50 बजे, बरेली सिटी से 02.06 बजे, इज्जतनगर से 02.20 बजे, भोजीपुरा से 02.38 बजे, सेंथल से 02.55 बजे, बिजौरिया से 03.05 बजे, शाही से 03.15 बजे, पीलीभीत से 03.35 बजे, न्योरिया हुसैनपुर से 03.53 बजे, मझोला पकड़िया से 04.04 बजे, खटीमा से 04.40 बजे प्रस्थान कर टनकपुर 05.40 बजे पहुंचेगी।

जबकि वापसी में उसी दिन 05307 टनकपुर-बरेली जंक्शन मेला स्पेशल गाड़ी टनकपुर से 21.35, खटीमा से 22.05 बजे, शाही से 23.20, सेंथल से 23.40, भोजीपुरा से 23.57 बजे, दूसरे दिन इज्जतनगर से 00.17 , बरेली सिटी से 00.35 प्रस्थान कर बरेली जंक्शन 01.00 बजे पहुंचेगी। इसके अलावा 05451 कासगंज-टनकपुर सवारी गाड़ी मेला स्पेशल कासगंज से 04.35 बजे, कछला ब्रिज से 05.20, कछला हाल्ट से 05.25, रामगंगा से 07.04 , बरेली जंक्शन से 07.20 , बरेली सिटी से 07.35 , इज्जतनगर से 07.55, दोहना से 08.08 , भोजीपुरा से 08.20 , दिबनापुर से 08.33 , सेंथल से 08.46 , बिजौरिया से 08.56 , शाही से 09.12, बनबसा से 11.30 बजे प्रस्थान कर टनकपुर 12.15 बजे पहुंचेगी। जबकि वापसी में उसी दिन 05452 टनकपुर-कासगंज सवारी गाड़ी मेला स्पेशल टनकपुर से 13.10 , खटीमा से 13.40 , शाही से 15.05 , बिजौरिया से 15.15, सेंथल से 15.38 , भोजीपुरा से 16.03 , दोहना से 16.10 , इज्जतनगर से 16.22 , बरेली सिटी से 16.40 , बरेली जंक्शन से 16.55 , रामगंगा से 17.05, कछला हाल्ट से 18.44 , कछला ब्रिज से 16.49 , मानपुर नगरिया से 19.00 और 20.00 बजे कासगंज पहुंचेगी।

#### इज्जतनगर मंडल की विशेष ट्रेनों में भी जगह खाली


**बरेली, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा होली पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न नगरों के लिये होली विशेष गाड़ियों का संचलन किया जा रहा है। इन विशेष गाड़ियों में माह फरवरी एवं मार्च में सीटें खाली हैं, जिसको लेकर शुक्रवार को रेलवे की तरफ से जानकारी दी गयी है। इज्जत नगर मंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि लालकुआं से चलने वाली 05045 लालकुआं-राजकोट विशेष गाड़ी में 1 मार्च को शयनयान श्रेणी में 318 बर्थ, 8 मार्च को शयनयान श्रेणी में 235 बर्थ और 15 मार्च को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 03 एवं शयनयान श्रेणी में 446 बर्थ उपलब्ध हैं। लालकुआं से चलने वाली 05060 लालकुआं-कोलकाता विशेष गाड़ी में 5 मार्च को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 59, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 236 एवं शयनयान श्रेणी में 211बर्थ उपलब्ध हैं। काठगोदाम से चलने वाली 09076 काठगोदाम-मुम्बई सेण्ट्रल विशेष गाड़ी में 01 मार्च को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 15, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 61, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 273 एवं शयनयान श्रेणी में 39 बर्थ उपलब्ध हैं।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक
डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरूष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरूष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरूष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
8 मार्च 2026, रविवार
22 मार्च 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# दरोगा व अग्निवीर अभ्यर्थियों का 14-15 मार्च को लगेगा मेला

## हजारों अभ्यर्थियों के रेलवे जंक्शन और रोडवेज बस अड्डों से आवाजाही के दौरान शहर की ट्रैफिक व्यवस्था संभालना भी बनेगा चुनौती

कार्यालय संवाददाता, बरेली



होली के चलते ट्रैफिक बढ़ने पर जीआईसी तिराहे से इस्लामिया रोड पर लोगों को जाम से जूझना पड़ा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बरेली शहर में मध्य मार्च में दो दिन अग्निवीर और दरोगा अभ्यर्थियों का मेला लगेगा। कई जिलों के हजारों अभ्यर्थियों के रेलवे जंक्शन और रोडवेज बस अड्डों से आवाजाही के दौरान शहर की ट्रैफिक व्यवस्था संभालना भी चुनौती बनेगा। जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर में 11 मार्च से अग्निवीर भर्ती मेला शुरू होगा, जबकि 14 और 15 मार्च को दरोगा समेत अन्य पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा है। इस परीक्षा में दूसरे जिलों के करीब 32 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे। हालांकि, 11 से अग्निवीर भर्ती शुरू होने के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी है।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा 14 और 15 मार्च को होगी। जिले में 19 केंद्रों पर परीक्षा दो शिफ्टों में सुबह 10 बजे से 12 बजे और दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होगी। परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए 19 स्टेटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए हैं। डीएम ने आदेश में कहा है कि केंद्रों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की व्यवस्था एसएसपी द्वारा सुबह 7 बजे से दोनों पालियों की परीक्षा समाप्ति तक सुनिश्चित की जाएगी। केंद्रों के स्टेटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा से तीन दिन पहले भौगोलिक स्थिति परखने के निर्देश दिए। अभ्यर्थियों को पेन, प्रवेश पत्र व पहचान पत्र के अतिरिक्त सभी सामग्री परीक्षा केंद्रों पर बनाए गए क्लॉक रूम में जमा करनी है। केंद्र व्यवस्थापकों को अभ्यर्थियों की प्रभावी फिस्किंग एंड चेकिंग करने के निर्देश दिए। अभ्यर्थियों के पहचान पत्र, प्रवेश पत्र की चेकिंग के साथ उनके चश्मों की भी जांच करें। इसी प्रकार जूते-मोजे, स्कार्फ, मफलर आदि उतरवाकर सघनता से फिस्किंग करें। चेकिंग के दौरान संदिग्ध या दोषी व्यक्तियों के खिलाफ उचित वैधानिक कार्रवाई कराने के लिए केंद्र व्यवस्थापकों को संबंधित पुलिस थाने को तत्काल अवगत कराने और परीक्षा केंद्र से परीक्षा समाप्त होने तक किसी अभ्यर्थी को बाहर न निकलने देने के निर्देश दिए। वहीं, एक पाली में करीब 8158 अभ्यर्थी शामिल होंगे। चार पालियों में 32 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे। - सेना भर्ती कार्यालय के अधिकारी संजय ने बताया कि अग्निवीर भर्ती के लिए अब जो अभ्यर्थी आवेदन करेंगे, उनके लिए बाद में फिजिकल परीक्षा करायी जाएगी। आवेदन के लिए 1 अप्रैल तक ही विंडो खुली है, ज्यादा युवा अग्निवीर भर्ती का लाभ उठा सकें, इसलिए आवेदन करने के लिए अपील की है।

### तीन जोन बनाए, पीसीएस अफसर तैनात

जिलाधिकारी ने दरोगा भर्ती परीक्षा केंद्रों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए केंद्रों को तीन जोन में बांटा है। जोन एक में 1,2,3, 4, 5, 6, 8 व 16 नंबर के केंद्र शामिल किए हैं। एडीएम जे देश दीपक सिंह को जोन मजिस्ट्रेट बनाकर जिम्मेदारी सौंपी है। जोन दो में 7, 9, 10, 12, 13, 14, 17 व 19 नंबर के केंद्र शामिल किए हैं। इस जोन की जिम्मेदारी नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा व्यवस्था संभालेंगे। जोन तीन में 11, 15 और 18 नंबर केंद्र शामिल किए हैं। एडीएम एफआर संतोष कुमार सिंह व्यवस्था देखेंगे।

### दरोगा भर्ती परीक्षा को ये हैं परीक्षा केंद्र

जिलाधिकारी ने बरेली कॉलेज के ब्लॉक ए, ब्लॉक बी, ब्लॉक सी, ब्लॉक डी और ब्लॉक ई में केंद्र बनाए। बरेली इंटर कॉलेज में एक, बिशप मंडल इंटर कॉलेज, दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज, एफआर इस्लामिया इंटर कॉलेज के ब्लॉक ए, ब्लॉक बी में केंद्र बनाया है। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज, केपीआरसी कला केंद्र गर्ल्स इंटर कॉलेज कंकड़ कुआं मंदिर शाहबाद आलमगिरीगंज रोड, कुंवर रंजीत सिंह इंटर कॉलेज नगरिया परीक्षित नियर एयरफोर्स गेट, मौलाना आजाद इंटर कॉलेज, साहू गोपी नाथ गर्ल्स इंटर कॉलेज, तिलक इंटर कॉलेज, विष्णु इंटर कॉलेज माधोबाड़ी नरकुलागंज में परीक्षा केंद्र बनाए हैं।

- दरोगा भर्ती की लिखित परीक्षा 14 मार्च व 15 को होगी, करीब 32 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी होंगे शामिल
- जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर में 11 मार्च से होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली में 12 जनपदों के अभ्यर्थी पहुंचेंगे

### अग्निवीर बन देश सेवा के लिए युवाओं को सुनहरा मौका, आवेदन की अंतिम तिथि 1 अप्रैल

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय सेना में 2026-27 की अग्निवीर भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू हो गयी है। अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 1 अप्रैल है। जून में लिखित परीक्षा होगी। अभ्यार्थियों की मांग को देखते हुए इस बार सरकार ने अधिकतम आयु सीमा एक वर्ष बढ़ाकर 22 वर्ष कर दी है। सेना भर्ती कार्यालय बरेली की ओर से बताया गया है कि भर्ती के लिए अब 17 .5 वर्ष से 22 वर्ष की आयु वाले युवा आवेदन कर सकेंगे। यह भर्ती जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, क्लर्क स्टोर कीपर, ट्रेड्समैन और अग्निवीर वूमन मिलिट्री पुलिस के पदों के लिए है। अधिसूचना जारी कर दी गई है। नर्सिंग सहायक (एनए/एनए वेट) के लिए अधिकतम आयु 23 वर्ष और सिपाही फार्मा के लिए 25 वर्ष तक निर्धारित है। सभी वर्गों के लिए आवेदन शुल्क 250 रुपए तय किया गया है। अभ्यर्थियों को एक फार्म में दो-दो पदों के लिए आवेदन का मौका मिलेगा, यानि इस बार दो पदों के लिए अभ्यर्थी एक साथ अप्लाई कर सकेंगे। सेना भर्ती कार्यालय बरेली के अन्तर्गत आने वाले 12 जिलों (बहराइच, बलरामपुर, बरेली, बदायूं, फरुखाबाद, हरदोई, लखीमपुर खीरी, लखीमपुर, पीलीभीत, संभल, शाहजहांपुर, श्रावस्ती और सीतापुर) के इच्छुक उम्मीदवारों से अपील की है कि वे अपना आवेदन 1 अप्रैल से पहले भारतीय सेना की वेबसाइट www. joinindianarmy .nic .in पर ऑनलाइन कर लें। किसी प्रकार की अन्य जानकारी या असुविधा होने पर सहायता के लिए सेना भर्ती कार्यालय बरेली में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच सम्पर्क कर सकते हैं।

# किशोरी का अपहरण, मां ने बेटी की बरामदगी की लगाई गुहार

**बरेली, अमृत विचार :** थाना-इज्जतनगर क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोरी के कथित अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़ित मां ने थाना इज्जतनगर में तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बेटी की सकुशल बरामदगी की मांग की है।

थाना क्षेत्र निवासी महिला के अनुसार, 22 फरवरी की सुबह उनकी नाबालिग पुत्री गांव में स्थित दुकान से मसूर की दाल लेने गई थी, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। आरोप है इस दौरान जानकारी मिली कि गांव का युवक उनकी बेटी को कार में बैठाकर कहीं ले गया। जानकारी लेने संबंधित के घर पहुंची तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। महिला ने पुत्री के साथ कोई अनहोनी की आशंका जताई और कहा कि सुनियोजित तरीके से उनकी बेटी का अपहरण किया गया है। थाना प्रभारी का कहना है कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# बुजुर्ग की हत्या के मामले में पिता-पुत्रों समेत तीन को उम्रकैद

विधि संवाददाता, बरेली



- गाली देने के विरोध में आठ साल पहले लाठी-डंडों से पीटकर की गई थी हत्या
- दोषियों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना, मृतक के बेटे को मिलेगी जुर्माने की रकम

**अमृत विचार:** गाली देने का विरोध करने पर 8 वर्ष पूर्व बुजुर्ग की लाठी डंडों से पीट-पीटकर हत्या करने के आरोपी थाना भमोरा के ग्राम कुड्डा निवासी राजवीर व उसके दो पुत्र अवधेश व कल्लू को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट-5 तबरेज अहमद ने सश्रम आजीवन कारावास व प्रत्येक को 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। जुर्माने की रकम वादी मृतक के पुत्र अनुज कुमार को बतौर मुआवजा दी जायेगी।

सरकारी वकील दिगम्बर पटेल व मनोज वाजपेई ने बताया कि अनुज कुमार ने थाना भमोरा में तहरीर देकर बताया था कि वह ग्राम कुड्डा, भमोरा का रहने वाला है। उसके पिता मेहरबान 1 नवम्बर 2018 को गांव में दीपक की दुकान पर चीनी लेने गये थे। रास्ते में गांव के ही राजवीर व उसके लड़के अवधेश, कल्लू व ओमपाल पिता से गाली गलौज करने लगे कि तुम प्रताप के पीछे पड़े हो। जब उसके पिता ने गाली देने का विरोध किया तो इन चारों ने लात-घूंसों तथा लाठी-डंडों से बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। शोर की आवाज सुनकर वह बचाने पहुंचा तो इन लोगों ने उसे भी लाठी-डंडों व लात-घूसे से मारपीट कर घायल कर दिया। 100 नम्बर को फोन किया था, पुलिस ने पिता को सरकारी अस्पताल भमोरा में भर्ती किया था, सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी।

### मासूम बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष कैद

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** दूसरे धर्म की 5 वर्षीया मासूम बच्ची संग दुष्कर्म करने के आरोपी थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र निवासी बड़े उर्फ जीमल को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट नरेन्द्र प्रकाश ने 20 वर्ष कठोर कारावास व 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। सरकारी वकील सुभव कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना बिथरी चैनपुर में तहरीर देकर बताया था कि 22 जनवरी 2025 को 1 बजे पुत्री को पड़ोस का रहने वाला बड़े उर्फ जीमल अपने साथ कमरे में ले गया और गेट बंद कर लिया जो मेरी लड़की के कपड़े उतार कर छेड़छाड़ कर रहा था, तभी हमने जबरन गेट खुलवाया और बेटी से पूछा तो उसने बताया कि अंकल चीज दिलाने के बहाने कमरे में ले गये थे और मेरे कपड़े उतार दिये। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपरांत दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट के तहत आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। अभियोजन ने 8 गवाह पेश किये।

# छापेमारी : बरेली से कानपुर मिलावटी पनीर की सप्लाई

**बरेली, अमृत विचार :** सब्जी मंडी से मिलावटी पनीर की सप्लाई जनपद में ही नहीं, बल्कि कानपुर तक हो रही है। कानपुर में गुरुवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चौबेपुर के पास वाहन में घटिया क्वालिटी का 786 किलोग्राम पनीर पकड़ा जो बरेली की सब्जी मंडी से सप्लाई हुआ था। कानपुर के अधिकारियों की रिपोर्ट पर स्थानीय खाद्य सुरक्षा टीम ने शुक्रवार को सब्जी मंडी स्थित दुकान पर छापा मारा और 580 किलोग्राम पनीर को जब्त कर गड्ढा खुदवाकर नष्ट कराया। टीम ने नमूना भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षत गोयल ने बताया कि गुरुवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कानपुर नगर की टीम ने चौबेपुर के पास वाहन में घटिया क्वालिटी एवं खराब रखरखाव से ले जा जा रहे 786 किलो पनीर को नमूना भरने के बाद नष्ट कराया था। कानपुर नगर के अधिकारियों ने बताया कि पनीर बरेली से लाया जा रहा था। मिलावटी पनीर बरेली सब्जी मण्डी स्थित दुकान से कानपुर नगर के दुकानदार को 150 रुपये प्रति किलो की दर से बेचा गया था। जानकारी के बाद टीम बनाकर शनिवार को प्रतिष्ठान पर भेजा गया, जहां पर मौके पर करीब 580 किलो संदिग्ध पनीर का भण्डारण मिला। जब्त किये पनीर में से एक नमूना भरा और अवशेष पनीर को नष्ट करा दिया। दुकानदार ने अधिकारियों को बताया कि वह बदायूं के थाना बिनावर के ग्राम बिधुलिया के कुछ ग्रामीणों से पनीर खरीदता है।

### 10 खाद्य पदार्थों के नमूने भरे

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के नेतृत्व में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर छापामार मारकर 10 नमूने भरे। 1191 लीटर सरसों का तेल जब्त किया। अनुमानित 177700 रुपये कीमत है। 580 किलो पनीर, 18 किलो खोया और 48 किलो कचरी जब्त कर सीज की गयी। टीम ने मीरगंज के राजेन्द्र नगर से सरसों के तेल के 2 , शंकरपुर से खोया, एक अन्य दुकान से हल्दी पाउडर, रंगीन चिप्स, फरीदपुर से घी, आनंद विहार कालोनी से कचरी का नमूना लिया।

सबसे पुराना दवाखाना
गुप्त रोगी मिलें
हर तरफ से निराश रोगी मिलें
बवासीर, शीघ्रपतन, नामर्दी, बे-औलाद रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध गोल्ड मेडलिस्ट
डा.शेख
हर मंगलवार निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

# करमपुर चौधरी में जमीन विवाद में किया हमला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बड़े भाई और भतीजों पर घर में घुसकर पत्नी-बेटी को पीटने का आरोप

**अमृत विचार:** करमपुर चौधरी गांव में जमीन विवाद ने उग्र रूप धारण कर लिया। मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करने वाले मोहम्मद अली ने बड़े भाई और भतीजों पर घर में घुसकर पत्नी तथा बेटी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने उसकी बेटी के सिर पर धारदार हथियार से वार किया, जिससे उसे गंभीर चोट आई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम करमपुर चौधरी निवासी मोहम्मद अली के अनुसार वह शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे अपनी ससुराल मूसापुर गया था। इसी दौरान उसका बड़ा भाई अहमद अली उर्फ पप्पू अपने बेटों मोहम्मद नूर, एजाज और सज्जाद के साथ घर पहुंच गया। आरोप है कि सभी ने मिलकर पत्नी जैनब और पुत्री समीना के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घर लौटने पर मोहम्मद अली ने डायल 112 पर सूचना दी। इधर, बताया जा रहा है कि जमीन बेचने को लेकर भाइयों के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते घटना को अंजाम दिया गया।

# अमेरिका संग ट्रेड डील का विरोध

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते किसान एकता संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- किसान एकता संघ के बैनर तले कलेक्ट्रेट पर जुटे किसानों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन
- ट्रेड डील को किसान विरोधी बताते हुए तत्काल निरस्त करने की मांग की

**अमृत विचार :** किसान एकता संघ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को केंद्र सरकार द्वारा अमेरिका के साथ की गई ट्रेड डील के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा को सौंपते हुए इस डील को किसान विरोधी बताया और तत्काल निरस्त करने की मांग की।

किसान एकता संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. रवि नागर ने कहा कि अमेरिका से भारी सब्सिडी वाले कृषि उत्पाद भारत में आने से देश के किसानों की स्थिति और अधिक दयनीय हो जाएगी। उनका कहना था कि विदेशी सस्ते उत्पाद भारतीय बाजार में आने से स्थानीय किसानों की फसलों के दाम गिर जाएंगे, इससे पहले से आर्थिक तंगी झेल रहे किसान बर्बादी की कगार पर पहुंच जाएंगे। डॉ. नागर ने आरोप लगाया कि यह डील किसानों के हितों के विरुद्ध थोपी जा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि केंद्र सरकार ने इस समझौते को वापस नहीं लिया तो किसान एकता संघ व्यापक आंदोलन छेड़ने को बाध्य होगा। किसान एकता संघ ने सरकार से किसान हित, जनहित एवं देशहित में इस ट्रेड डील को तत्काल समाप्त करने की मांग की है। राजेश शर्मा, श्याम पाल गुर्जर, बहोरन लाल, जयसिंह यादव, डॉ अंशू भारती, पप्पू नेता, दन्ने प्रधान, महेंद्र यादव, जुगेंद्र सिंह, श्रीराम गौतम, संजय पाठक, श्यामपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

कार्य क्षमता सुधरेगी | एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों के लिए किया रवाना

# जिले में यूपी-112 के बेड़े में 12 नई गाड़ियां शामिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली



वाहनों को झंडी दिखाते एसएसपी अनुराग आर्य। ● अमृत विचार

- शहर और देहात में सुरक्षा बढ़ेगी घायलों को जल्द मिलेगी मदद

**अमृत विचार :** जिले में पुलिस सेवा की तत्परता बढ़ाने के लिए यूपी-112 के बेड़े में 16 नई गाड़ियां शामिल की गई हैं। शुक्रवार दोपहर एसएसपी अनुराग आर्य ने इन गाड़ियों को पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों के लिए रवाना किया। इस दौरान पुलिस विभाग में नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला।

एसएसपी ने बताया कि नई गाड़ियों के शामिल होने से यूपी-112 का रिस्पॉन्स टाइम काफी कम होगा और वाहनों के संचालन से कार्यक्षमता में सुधार आएगा। किसी भी आपात स्थिति, अपराध या सड़क हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम पहले से कहीं अधिक तेजी से मौके पर पहुंच सकेगी। इन गाड़ियों की आधुनिक सुविधाओं और तेज रफ्तार से अपराधियों पर भी मनोवैज्ञानिक दबाव पड़ेगा। शहर के भीतर और देहात क्षेत्रों में गश्त और चौकसी तेज होगी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इन नई गाड़ियों का सबसे बड़ा लाभ सड़क दुर्घटनाओं और आपात स्वास्थ्य स्थिति में दिखाई देगा। तेज रफ्तार और आधुनिक उपकरणों वाली ये गाड़ियां घायलों को जल्द अस्पताल पहुंचाने में मदद करेंगी। एसपी ट्रैफिक मुहम्मद अकमल ने कहा कि नई गाड़ियों के सड़कों पर उतरते ही पूरे जिले में पुलिस की मौजूदगी मजबूत होगी और नागरिकों को सुरक्षित वातावरण मुहैया होगा। इस दौरान एसपी साउथ अंशिका वर्मा, सीओ सिटी आशुतोष शिवम सहित अन्य अफसर मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### आउटसोर्सिंग कर्मियों को हटाने का आदेश निरस्त हो

**बरेली, अमृत विचार :** शिक्षणेत्तर कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष हरी शंकर ने बताया कि मेरठ मंडल के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों को 31 मार्च के बाद सेवा से हटाए जाने के निर्देश ने हजारों परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा कर दिया है। कहा कि वर्षों से विद्यालयों की व्यवस्था सुचारू रखने वाले कर्मियों को अचानक बाहर करना अन्यायपूर्ण है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि कर्मियों की सेवाएं तत्काल बहाल की जाएं, निष्कासन आदेश निरस्त किया जाए। लंबे समय से कार्यरत कर्मियों के लिए स्थायी और सुरक्षित सेवा नीति बनाई जाए। चेताया कि यदि आदेश वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शिक्षा विभाग की होगी।

### ग्रामीणों ने पकड़ी खनन में लगी ट्रॉली

**बहेड़ी/ बरेली, अमृत विचार :** गांव ट्यूली के आसपास काफी अरसे से अवैध खनन हो रहा है। बालू और मिट्टी ट्रैक्टर -ट्रॉली से लेकर गांव के बीच से गुजरते हैं। खनन माफियाओं के सामने गांव वालों की शिकायतों का कोई असर नहीं हुआ। इसपर ग्रामीणों ने शुक्रवार को गांव के बीच से गुजरती एक ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ ली। काफी नोकझोंक के बाद खनन करने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर चले गए। सूचना पर पुलिस मौके पर आ गई और ग्रामीणों ने ट्रैक्टर ट्रॉली पुलिस के सुपुर्द कर दी।

### आयकर की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही

**फरीदपुर/बरेली, अमृत विचार :** फरीदपुर में पांचजन्य प्लाईबुड इंडस्ट्रीज में आयकर विभाग की टीम गुरुवार को शुरु हुई आयकर कार्यवाही शुक्रवार को भी जारी रही। हालांकि टीम द्वारा फैक्ट्री के कार्य का संचालन करने के लिए कहा गया लेकिन कार्रवाई से बचने के लिए हर कर्मचारी बचता नजर आया वहीं फैक्ट्री प्रबंधन ने भी काम बंद रखा। गुरुवार को आयकर टीम ने फैक्ट्री परिसर और फैक्ट्री मालिक के आवास परभी जांच की थी।

# आईआईए के पूर्व चैप्टर चेयरमैन सुंदरानी का निधन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मॉडल टाउन श्मशान घाट में आज किया जाएगा शव का अंतिम संस्कार
- उद्यमियों ने जताया शोक, बोले- उद्योग जगत को बड़ी क्षति, नहीं हो सकती भरपाई

**अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के पूर्व चैप्टर चेयरमैन सुरेश सुंदरानी का शुक्रवार को गुड़गांव के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। परिजन उनका शव लेकर गुड़गांव से बरेली शनिवार पहुंचेंगे। इसके बाद मॉडल टाउन श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया जाएगा। इनके निधन की सूचना मिलते ही आईआईए की ओर से शुक्रवार की देर शाम आयोजित होने वाले होली मिलन कार्यक्रम को निरस्त कर दिया गया।


सुरेश सुंदरानी।

आईआईए के पूर्व चैप्टर चेयरमैन सुरेश सुंदरानी का काफी समय से स्वास्थ्य खराब चल रहा था। उनका इलाज बेटे के पास गुड़गांव के निजी अस्पताल में चल रहा था। उद्यमियों ने बताया कि उनका बीच में स्वास्थ्य ठीक भी हो गया था। मगर कैंसर पीड़ित होने के कारण दोबारा स्वास्थ्य बिगड़ गया। उनके बेटे ने फौरन उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर शुक्रवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर सुनते ही उद्यमियों में शोक की लहर दौड़ गई। उद्यमियों ने कहा कि उद्योग जगत को बहुत बड़ी क्षति पहुंची है। आईआईए के मीडिया प्रभारी ऋषभ दीक्षित ने कहा कि पूर्व चैप्टर चेयरमैन सुंदरानी का निधन उद्योग जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके व्यक्तित्व में सरलता, सौम्यता, दृढ़ संकल्प और संगठन के प्रति अद्भुत समर्पण का अद्वितीय संगम था। वे न केवल सफल उद्यमी थे, बल्कि कुशल मार्गदर्शक, प्रेरणास्रोत और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले सशक्त नेतृत्वकर्ता भी थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में संगठन की मजबूती, सदस्यों के हितों की रक्षा और औद्योगिक समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


### आईआईए के पदाधिकारी बोले- अभिभावक को खो दिया



पूरा चैप्टर उन्हें अभिभावक के रूप में देखता था। उनकी सोचने और देखने की क्षमता सभी से बहुत अलग थी। चैप्टर में वह 40 सालों से जुड़े थे। कई महत्वपूर्ण पदों पर रहने के बाद भी जमीनी स्तर पर हमेशा काम करते थे। उनके ही अनुशासन में हम लोगों ने बहुत कुछ सीखा है। उनके जाने की खबर मिलते ही यकीन नहीं हो रहा है कि यह सच है। आज चैप्टर के साथ-साथ संगठन ने अपने अभिभावक को खो दिया। **-दिनेश गोयल**, राष्ट्रीय अध्यक्ष आईआईए



उद्योग जगत का एक बड़ा वृक्ष सूख गया। चैप्टर समेत कई संगठनों की नींव रखने वाले सुंदरानी का अचानक जाना हम सभी के लिए बहुत दुखद है। उन्हें हर क्षेत्र में बहुत जानकारी थी। किसी भी तरह की किसी को कोई समस्या हो तो फौरन एक फोन पर उसका निराकरण बता देते थे। वह इस उम्र में भी बहुत जज्बाती थे। उद्योग जगत एक नायक को खो दिया। **-मयूर धीरवानी**, चैप्टर चेयरमैन बरेली



उन्हें पढ़ने का बहुत शौक था। वह रोजाना कुछ न कुछ नया सीखते थे। उद्योग जगत के वह नायक थे। जिस काम को करने के लिए ठान लेते थे। उसे किसी भी हाल में कर के मानते थे। बहुत सीनियर इंजीनियर थे। उनका निधन उद्योग जगत के लिए भारी क्षति है। उनके स्वभाव को इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिसने उनके निधन की सूचना दी वह खुद भावुक हो गया और रोने लगा। **-बिमल रेवाड़ी**, उद्यमी

# उज्ज्वला पात्रों को आज दी जाएगा रीफिल सब्सिडी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- लाभार्थियों को 894 रुपये प्रति सिलेंडर की दर से मिलेगी रीफिल सब्सिडी

**अमृत विचार :** जिले के 416736 उज्ज्वला लाभार्थियों को होली त्योहार पर दो गैस सिलेंडर रीफिल की सब्सिडी का लाभ मिलेगा। लाभार्थियों को 894 रुपये प्रति सिलेंडर के हिसाब से सब्सिडी मिलेगी। जीआईसी ऑडिटोरियम में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित कर लाभार्थियों को सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक सौंपे जाएंगे।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने होली त्योहार के उपलक्ष्य में प्रदेश के उज्ज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेंडर रीफिल की सब्सिडी का लाभ देने की घोषणा की है। लखनऊ के लोकभवन सभागार में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जीआईसी ऑडिटोरियम में भी दिखाया जाएगा। जिले के सांसद, विधायक, मेयर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में उज्ज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेंडर रीफिल की सब्सिडी का वितरण किया जाएगा।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में 416736 उज्ज्वला लाभार्थी हैं। होली त्योहार पर 2 निःशुल्क गैस सिलेंडर रीफिल की सब्सिडी का वितरण प्रतीकात्मक चेक के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद के 1759 उचित दर विक्रेताओं का दिसंबर माह का लाभांश 1.41 करोड़ रुपये बैंक खातों में शुक्रवार देर रात हस्तांतरित कर दिए जाएंगे। जनवरी माह का लाभांश 1.41 करोड़ रुपये भी उनके बैंक खातों में भेजा जा रहा है।

# एक चौथाई नो मैपिंग मतदाताओं की नहीं हुई सुनवाई

## जिलाधिकारी ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को 6 मार्च तक सुनवाई पूरी करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली


कलेक्ट्रेट सभागार में विकास विभाग से संबंधित सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा करते डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

- जिले में 25 फरवरी तक 75.17 प्रतिशत मतदाताओं के नोटिसों पर हुई सुनवाई

**अमृत विचार :** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण में अभी तक जनपद के 579098 नो मैपिंग और लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी वोटरों को जारी नोटिस के सापेक्ष 552012 वोटरों को नोटिस डिलीवर्ड हो गए हैं। इनमें से 435283 वोटरों की नोटिस के माध्यम से सुनवाई की जा चुकी है। जिले में अभी तक लगभग एक चौथाई (24.83 प्रतिशत) नो मैपिंग और लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी वोटरों की सुनवाई होनी शेष है।

जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की ओर से उपलब्ध करायी गयी रिपोर्ट में बताया है कि बहेड़ी में 59108, मीरगंज में 55756, भोजीपुरा में 65738, नवाबगंज में 56398, फरीदपुर में 58840, बिथरी चैनपुर में 80365, बरेली शहर में 86002, बरेली कैंट में 61842 और आंवला विधानसभा में 55049 वोटरों को नो मैपिंग और लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी का नोटिस जारी किया गया। इनके सापेक्ष बहेड़ी में 56767, मीरगंज में 54341, भोजीपुरा में 62047, नवाबगंज में 52816, फरीदपुर में 54141, बिथरी चैनपुर में 77319, बरेली शहर में 82307, बरेली कैंट में 61241, आंवला में 51033 कुल 552012 वोटरों को नोटिस डिलीवर्ड हो चुके हैं। अभी 27084 नोटिस डिलीवर्ड होना शेष है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि 435283 वोटरों की नोटिस पर सुनवाई पूरी हो चुकी है। जारी किए नोटिसों के सापेक्ष 75.17 प्रतिशत नोटिसों पर सुनवाई हुई। 119688 वोटर नोटिस में दी गयी तारीख पर नहीं आए। री-शेड्यूल तारीख पर भी 23411 वोटर अपना पक्ष रखने नहीं आए। 6256 अभी लंबित हैं। इधर, जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने 6 मार्च तक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को सुनवाई पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

### पर्यटन और जल निगम नगरीय के कार्य धीमे नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विकास विभाग से संबंधित सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा की। सीएमआईएस पोर्टल के अंतर्गत पर्यटन विकास निगम के प्रोजेक्ट्स के कार्यों की समीक्षा में पाया कि पर्यटन विकास निगम के प्रोजेक्ट्स में कार्य की धीमी गति पर निर्देश दिये कि समीक्षा करने के लिए अलग से बैठक आयोजित करें। प्रत्येक प्रोजेक्ट के लिए एक नोडल अधिकारी भी नामित करें, उन्हें भी मीटिंग में बुलाएं। जल निगम (नगरीय) की परियोजनाओं में अपेक्षित प्रगति नहीं है, जिस पर अलग से बैठक करने व उसमें नगर निगम व नगर निकायों के अधिकारियों को भी बुलाने के निर्देश दिये, जिससे आपसी सहयोग से कार्य को गति दी जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि आगामी माह से यदि किसी भी अधिकारी, कर्मचारी द्वारा ई. ऑफिस पर लॉगिन और फाइल मूवमेंट नहीं किया जाता है तो उसका वेतन रोका जाएगा, यदि ई. ऑफिस को लेकर किसी प्रकार का संशय या समस्या है तो उसका समाधान करा लें और प्रत्येक दशा में ई. ऑफिस का संचालन करें। सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर निर्धारित पैरामीटरों पर नियमित रूप से निगरानी रखें। किसी भी प्रकार की शिथिलता के कारण जनपद की रैंकिंग प्रभावित नहीं होनी चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी ने निर्देश दिए कि जिस विभाग के निर्माण कार्य चल रहे हैं, उस विभाग के अधिकारी गुणवत्ता की दृष्टि से निरीक्षण करने जाएं। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विश्राम सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नकली बीज अब किसानों का मुनाफा नहीं छीन पाएंगे

**बरेली, अमृत विचार :** कृषि विभाग अप्रैल से बीज वितरण प्रणाली में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। अब सरकारी और निजी कंपनियों की सभी बीज थैलियों पर क्यूआर कोड अनिवार्य रूप से प्रिंट किया जाएगा। किसान अपने स्मार्टफोन से कोड स्कैन करते ही बीज की पूरी जानकारी- उत्पादन एजेंसी, बैच नंबर, गुणवत्ता परीक्षण, प्रमाणीकरण स्थिति और जांच की प्रक्रिया तुरंत देख सकेंगे। विभाग का मानना है कि इस डिजिटल पहल से अप्रमाणिक और नकली बीज के कारोबार पर कड़ा प्रहार होगा।

जिले में नौ राजकीय बीज गोदामों और करीब 600 निजी बीज दुकानों के माध्यम से बीज का वितरण किया जाता है। जिला कृषि अधिकारी ऋषा तिवारी के अनुसार प्रक्रिया अंतिम चरण में है और अप्रैल से नई प्रणाली लागू होते ही किसानों को प्रमाणित और गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने में पारदर्शिता आएगी।

# राहत : पेंशनरों और सदस्यों को मिला त्वरित समाधान

कार्यालय संवाददाता, बरेली


पेंशनधारक को पीपीओ प्रदान करते अधिकारी। ● अमृत विचार

- बरेली और मुरादाबाद मंडल के जिलों में 'निधि आपके निकट 2.0' का हुआ आयोजन

**अमृत विचार :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के क्षेत्रीय कार्यालय ने बरेली और मुरादाबाद मंडल में ''निधि आपके निकट 2.0'' जिला संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया।

बरेली में डीपीएस स्कूल में आयोजित शिविर में प्रवर्तन एवं नोडल अधिकारी सौरभ मिश्रा और सामाजिक सुरक्षा सहायक नितेश सिंह ने सदस्यों और पेंशनरों की समस्याओं सुनीं। कई मामलों का मौके पर निस्तारण कराया। बाकी प्रकरण त्वरित कार्यवाही के लिए संबंधित अनुभागों को भेजे। शिविर में यूएएन सक्रियण, ई-नामांकन, ऑनलाइन दावा प्रस्तुत करने और पेंशन सेवाओं से जुड़ी जानकारी दी गई। कई असहाय पेंशनरों के घर जाकर डिजिटल जीवन प्रमाणन भी किया गया, जिससे उन्हें कार्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ी। बरेली में ईपीएफओ के साथ-साथ कर्मचारी राज्य बीमा निगम का 'सुविधा संगम' कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें सामाजिक सुरक्षा अधिकारी निशांत सिंह और सहायक अमित शर्मा उपस्थित रहे। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अनिल कुमार ने बताया कि शिविरों के माध्यम से सदस्यों को ईपीएफओ और ईएसआईसी से संबंधित सेवाएं एक ही स्थान पर मिलीं।

# जकात से जरूरतमंदों की मदद करें, पड़ोसियों का रखें ध्यान

कार्यालय संवाददाता, बरेली


नौमहला मस्जिद में नमाज अदा करते रोजेदार। ● अमृत विचार

- रमजान के दूसरे जुमे को नमाजियों से खचाखच भरी रहीं मस्जिदें

**अमृत विचार :** जकात इस्लाम के पांच स्तंभ (फर्ज) में से एक है। मालदार मुसलमानों पर इसे फर्ज किया गया है। रमजान का मुबारक महीना गरीब और परेशान हाल लोगों की मदद करके, अपने बंदों को अल्लाह से जुड़ने का मौका देता है। इसलिए, मजबूर, जरूरतमंदों का ख्याल रखें। उनकी मदद करें। पड़ोसियों का विशेष ध्यान रखें। दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने जुमा की नमाज के दौरान ये पैगाम आम किया।

शुक्रवार को रमजान का दूसरा जुमा था। मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भरी रहीं। मुस्लिम बाहुल्य मुहल्लों का माहौल खुशनुमा रहा। किला की शाही जामा मस्जिद में दोपहर 1.30 बजे शहर इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम ने जुमा की नमाज अदा कराई। इसी तरह शहर की सभी प्रमुख दरगाहों, खानकाहों और मस्जिदों में नमाज अदा की गई।

दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि दरगाह प्रमुख मौलाना सुब्हानी मियां, सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां समेत खानदान के बुजुर्गों ने रजा मस्जिद में नमाज अदा की। मुल्क में अमन-चैन और तरक्की की दुआ की गई। इससे पहले मस्जिदों में रोजा, नमाज, जकात पर रोशनी डाली गई। वहीं, जुमे की नमाज को लेकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही।

## सिटी डायरी

### ओडिशा के पैरावेटरनरी स्टाफ को उन्नत प्रशिक्षण



**बरेली, अमृत विचार :** आईवीआरआई में प्राथमिक पशुधन स्वास्थ्य प्रबंधन एवं कृत्रिम गर्भाधान विषय पर पांच दिवसीय सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण ओडिशा सरकार के पशुपालन विभाग के पैरावेटरनरी स्टाफ के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अग्रिम पंक्ति के पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की तकनीकी दक्षता को सुदृढ़ करना रहा। प्रशिक्षण में प्राथमिक पशुधन स्वास्थ्य देखभाल के सभी प्रमुख आयामों को शामिल किया गया। विशेष रूप से कृत्रिम गर्भाधान, वीर्य प्रबंधन, हीट पहचान तथा बड़े पशुओं में गर्भ परीक्षण पर सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक सत्र आयोजित किए गए। बकरियों में उदर विधि से गर्भ परीक्षण का प्रशिक्षण भी दिया गया, जो लघु जुगाली करने वाले पशुओं के प्रबंधन में उपयोगी है। क्लिनिकल सत्रों में प्रतिभागियों को नवीनतम निदान तकनीक, उन्नत उपचार प्रोटोकॉल और वैज्ञानिक पशुधन प्रबंधन पद्धतियों से अवगत कराया गया। थनैला की रोकथाम, वैज्ञानिक आहार अनुसूची, टीकाकरण कार्यक्रम, विषाक्त पौधों की पहचान तथा एथ्नो-वेटरनरी उपचार पद्धतियों जैसे विषयों पर विशेष बल दिया गया। समापन समारोह में कोर्स निदेशक डॉ. रूपसी तिवारी ने आईवीआरआई को ओडिशा सरकार के लिए ज्ञान सहयोगी बताते हुए निरंतर तकनीकी साझेदारी पर जोर दिया। कोर्स समन्वयक डॉ. बृजेश कुमार ने प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना की। आयोजकों ने संयुक्त निदेशालय, प्रसार शिक्षा के सहयोगी स्टाफ का आभार व्यक्त किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पैरावेटरनरी कर्मियों के क्षमता निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

### सामूहिक इस्तीफा देने की तैयारी में रोजगार सेवक

**बरेली, अमृत विचार :** रंगोत्सव पर्व होली करीब होने के बावजूद रोजगार सेवकों का ढाई साल तो मनरेगा कर्मियों का छह माह से मानदेय नहीं मिला है, इसे लेकर कर्मचारी अब सामूहिक इस्तीफा देने का मन बना रहे हैं। साथ ही कर्मचारियों में मनरेगा मजदूरों की ई-केवाईसी और एसआईआर में बीएलओ का अतिरिक्त काम कराने को लेकर भी नाराजगी है। ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष गंगादीन कश्यप ने बताया कि मनरेगा कर्मचारी बीते छह वर्षों से निष्ठापूर्वक कार्य कर रहे हैं और शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद उनका अल्प मानदेय पिछले छह माह से बकाया है। कर्मचारियों का कहना है कि नियमित भुगतान न होने से बच्चों की फीस, दवाइयों और ब्लॉक मुख्यालय तक आने-जाने का खर्च वहन करना कठिन हो गया है। बढ़ते कर्ज के कारण आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने बताया कि अगर जल्द मानदेय नहीं आता है तो सामूहिक रूप से इस्तीफा दिया जाएगा। हाल ही में बढ़ते काम को देखते हुए एक कर्मचारी ने आत्महत्या कर ली थी, जबकि एक ने इस्तीफा दे दिया था। बावजूद इसके विभाग के जिम्मेदारों पर फर्क नहीं पड़ रहा है।




### चंद्रशेखर आजाद को किया याद

**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर डीडीपुरम शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. रीता शर्मा ने 'ऐ मेरे वतन के लोगों' गीत गाकर किया। क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने युवाओं को आजाद की बहादुरी, निष्ठा और देशभक्ति से प्रेरणा लेने की अपील की। लोगों ने मोमबत्ती जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रीति सक्सेना, निर्भय सक्सेना, सुधीर मोहन, प्रकाश चंद्र सक्सेना, सुनील कुमार शर्मा, एएल गुप्ता, प्रवीन भारद्वाज, विजय कपूर, अमर शर्मा आदि उपस्थित रहे।


### बच्चों को ब्रश करने का सही तरीका बताया



**बरेली, अमृत विचार :** वुमन डेंटल काउंसिल की ओर से शुक्रवार को बिथरी चैनपुर स्थित कंपोजिट स्कूल में शिविर लगाकर छात्र-छात्राओं को ब्रश करने का सही तरीका बताया गया। दांतों की जांच की गई। बच्चों को टूथपेस्ट, कलरिंग बुक्स, स्टेशनरी सामग्री, गुलाल और पिचकारी भी बांटी गई। जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशियां छा गईं। वहीं, महिलाओं को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। सेनेटरी नैपकिन भी बांटे गए। आयोजन में अध्यक्ष डॉ. इला अरोरा, सह-अध्यक्ष डॉ. प्रियांशी अग्रवाल, डॉ. आस्था खुराना, डॉ. आकांक्षा सिंह, डॉ. सोनल, डॉ. अंशिका, डॉ. प्रेरणा, डॉ. पल्लवी, डॉ. सविता, डॉ. शिवांगी आदि का सहयोग रहा।

# छमाही उर्स ए शराफती और उर्स ए सकलैनी का आगाज, पहुंचे जायरीन

कार्यालय संवाददाता, बरेली


कार्यक्रम में मौजूद अकीदतमंद। ● अमृत विचार

- उर्स के पहले दिन सुबह कुरानखानी का हुआ आयोजन

**अमृत विचार :** शाह शराफत अली मियां का 59 वां छमाही उर्स और पीरो मुर्शिद शाह सकलैन मियां हुजूर का तीसरा छमाही उर्स शुक्रवार से शुरू हो गया। पहले दिन की शुरुआत कुरानखानी से हुई।

छमाही उर्स ए शराफती व उर्स ए सकलैनी 27, 28 फरवरी व 1 मार्च तक जारी रहेगा। खानकाह शरीफ के सज्जादानशीन शाह मोहम्मद गाजी मियां हुजूर की सरपरस्ती व निगरानी में उर्स के सभी कार्यक्रम संपन्न किए जाएंगे। 28 फरवरी को नमाज असर फातिहा और बाद नमाज तरावीह तकरीर फजीलत व अजमते रमजान कार्यक्रम होगा। 1 मार्च को शाम 5:30 बजे कुल शरीफ होगा और रोजा इफ्तार कराया जाएगा।

### उर्स में जायरीन की आमद शुरू

शाह शराफत मियां हुजूर और पीरो मुर्शिद शाह सकलैन मियां हुजूर के छमाही उर्स में शिरकत करने के लिए दूर-दराज के मुरीदीन व जायरीन की आमद शुरू हो गई है। महाराष्ट्र से मुंबई, मालेगांव, नासिक, अहमदाबाद, सूरत, कच्छ, जेतपुर, बिहार, मध्यप्रदेश, पंजाब, उत्तराखण्ड, दिल्ली व प्रदेश के कई शहरों से जायरीन आ चुके हैं। खानकाह शरीफ पर सभी मेहमानों के ठहरने, इफ्तार और सहरी का इंतजाम किया गया है।

# स्वास्थ्य केंद्र पर लगा शिविर, निशुल्क बांटी दवा

- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हास्पिटल ने किया आयोजन
- 181 में से 111 लोगों ने आंखों की जांच कराई

**बरेली, अमृत विचार :** रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हास्पिटल की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां में निशुल्क नेत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें जांच कर मरीजों को निशुल्क दवाएं बांटी गईं।

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण और डॉ. वर्षिका ने आंखों के मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया, जबकि डॉ. पवन ने दंत रोगियों का परीक्षण कर दवाइयां वितरित कीं। शिविर में कुल 181 लोग पहुंचे। इनमें से 111 लोगों ने आंखों की जांच कराई, जबकि 70 मरीज दंत समस्याओं के इलाज के लिए आए। शिविर में मरीजों को निशुल्क दवाइयां और जरूरतमंदों को चश्मे भी वितरित किए गए। 10 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिन्हें ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई। स्थानीय नागरिकों ने शिविर के आयोजन की सराहना की।



जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### पोस्टर प्रतियोगिता में वाणी प्रथम

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में चित्रकला विभाग की ओर से पोस्टर और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रो. सूरज साहू ने पीजी फोरम के छात्र-छात्राओं को फोरम की महत्ता के बारे में बताया। क्विज में प्रथम स्थान अनम सलमानी, द्वितीय स्थान पायल गंगवार, तृतीय स्थान सुरभि, सांत्वना पुरस्कार महिमा को दिया गया। पोस्टर में वाणी ने प्रथम, जितेंद्र दिवाकर ने द्वितीय, आयशा नूर ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को सम्मानित किया गया। विभाग प्रभारी प्रो. आनंद लखटकिया, डॉ. आशीष कुमार, विजय शंकर वर्मा, वारणी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### विकसित भारत युवा संसद का आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ की ओर से शुक्रवार को एमबीए सभागार में जनपद स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का आयोजन हुआ। विषय आपातकाल के 50 साल, भारतीय लोकतंत्र के लिए शिक्षा पर केंद्रित रहा। प्रतियोगिता में युवाओं ने प्रतिभाग किया। अतिथि कुलसचिव हरीश चंद्र ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एवं माय भारत के कार्यक्रम युवाओं को देश में घटित घटनाओं पर विचार प्रस्तुत करने, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं। डॉ. ज्योति पांडे, डॉ. राकेश जायसवाल, डॉ. रीता सिंह, डॉ. सतीश यादव, डॉ. नीरज कुमार, प्रो. सोमपाल सिंह, बसंत लाल, मोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।

### वुडबॉल : रुविवि की टीम ने जीते पदक

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की टीम ने इंटर यूनिवर्सिटी वुडबॉल प्रतियोगिता में कई पदक अपने नाम किए हैं। प्रतियोगिता भोपाल स्थित मध्यांचल यूनिवर्सिटी में हुई थी। फेयरवे डबल इंवेट में सुभाष बुड़िया, बंशीलाल देवासी ने स्वर्ण पदक जीते। स्टोक डबल में गोपाल सिंह, मनोज विश्नोई की टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया। कुलपति प्रो. केपी सिंह, क्रीड़ा परिषद के सचिव प्रो. एसएस बेदी, कुलसचिव हरीश चंद आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# फूलों की वर्षा कर स्वच्छ और स्वस्थ होली का दिया संदेश

## इको-फ्रेंडली, कलरलेस होली उत्सव में बच्चों ने दीं मनमोहक प्रस्तुतियां, पर्यावरण संरक्षण पर जोर, नगर निगम सभागार में हुआ आयोजन

कार्यालस संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नगर निगम में इस बार होली का रंग कुछ अलग ही नजर आया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत आयोजित इको-फ्रेंडली, कलरलेस होली उत्सव में पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता से जोड़ते हुए नई मिसाल पेश की। कार्यक्रम में 62 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त नगर आयुक्त मंयक यादव और अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय ने किया। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन टीम ने रासायनिक रंगों और गुलाल के बजाय फूलों की वर्षा कर स्वच्छ और स्वस्थ होली का संदेश दिया।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राधा-कृष्ण थीम पर नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संयुक्त नगर आयुक्त और अपर नगर आयुक्त ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। आयोजन में अभिभावकों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों की भी सक्रिय भागीदारी रही। अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य केवल होली मनाना नहीं, बल्कि स्वच्छता और सतत विकास का संदेश देना था। फूलों से कंपोस्ट तैयार कर उन्हें दोबारा उपयोग में लाने की योजना बनाई गई है, जो अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में सराहनीय कदम है। घर और शहर को साफ रखने का संकल्प लिया गया। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि यह आयोजन साबित करता है कि यदि सोच सकारात्मक हो तो हर त्योहार समाज और प्रकृति दोनों के लिए लाभकारी बन सकता है। इस दौरान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।


बच्चों को सम्मानित करते अपर नगर आयुक्त व अन्य। ● अमृत विचार

### पंजाबी सेवा संगठन महिला इकाई ने मनाई होली

**बरेली, अमृत विचार :** पंजाबी सेवा संगठन महिला इकाई ने शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित कर होली मनाई। महिलाओं ने राधा-कृष्ण के वेश में मंचन किया और फूल और अबीर गुलाल से होली खेली। राधा के रूप में हिरत गुजराल और कृष्ण के रूप में गुनगुन ने नृत्य कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुमन साहनी, प्राची साहनी, सिमी अरोड़ा, ऋतु खुराना, रीता बत्रा, साक्षी साहनी, मोहिनी सचदेवा आदि उपस्थित रहीं।



### रंगोत्सव : स्कूलों की प्रिंसिपलों ने फूलों से खेली होली

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के विभिन्न विद्यालयों की प्रधानाचार्यों ने फूलों और गुलाल के साथ रंगोत्सव मनाया। कार्यक्रम में बेदी स्कूल, विद्या वर्ल्ड समेत कई शिक्षण संस्थानों की प्रधानाचार्य शामिल हुईं। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और फूलों की वर्षा कर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का आयोजन बरेली सहोदय की प्रेसिडेंट और प्रिंसिपल बेदी इंटरनेशनल स्कूल जीके साहनी, इवेंट कन्वेनर डॉ. युहान कंवर, प्रिंसिपल विद्या वर्ल्ड स्कूल ने किया। रंगोत्सव को रोमांचक बनाने के लिए वाइस प्रेसिडेंट डॉ. सरिता सिराही प्रिंसिपल आर्मी पब्लिक स्कूल और सेक्रेटरी डॉ गुरदीप सिंह प्रिंसिपल सोबती स्कूल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी प्रिंसिपल्स ने शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर काम करने और समाज में सकारात्मक ऊर्जा बनाने का संकल्प लिया। संचालन वैशाली अग्रवाल ने किया।



### अधिवक्ताओं ने न्यायिक अधिकारियों संग खेली होली



**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** बरेली बार एसोसिएशन के बैनर तले कचहरी स्थित बगिया परिसर में होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला जज प्रदीप कुमार सिंह, एडीजे देवाशीष, अविनाश कुमार सिंह, राघवेंद्र मणि, सीजेएम सुरेश कुमार दुबे के साथ होली खेलने पहुंचे। बार अध्यक्ष मनोज कुमार हरित व सचिव दीपक पाण्डेय, वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल भटनागर ने चंदन का तिलक लगाकर, फूल बरसाकर सभी न्यायिक अधिकारियों का स्वागत किया। ब्रज के गीतों पर अधिवक्ताओं ने जमकर ठुमके लगाये तो एडीजे अविनाश कुमार सिंह ने भी खइके पान बनारस वाला गाकर माहौल को होलीमय कर दिया। जिला जज प्रदीप कुमार सिंह ने सभी अधिवक्ताओं को होली की शुभकामनाएं दीं। महिला अधिवक्ताओं ने जमकर होली खेली। इस अवसर पर बार कौंसिल सदस्य शिरीष मेहरोत्रा, पूर्व डीजीसी राजेश यादव, राजीव जयपति, नन्द किशोर भगत, आनन्द कुमार रस्तोगी, कोषाध्यक्ष धर्मवीर सिंह, रजत मोहन, रोहित यादव, अंतरिक्ष सक्सेना, शांतनु मिश्रा, राहुल देवराज, अजय कुमार मौर्य, दीप्ती सक्सेना, पूजा साहू, अच्छन अंसारी, दिगम्बर पटेल, पंकज कुमार, रमन सक्सेना, नेहा जौहरी, प्रीति सिंह, दीपिका समेत काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### छात्राओं ने फाग गीत गाकर खेली होली



**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के सावित्री राजकीय महिला छात्रावास में शुक्रवार को छात्राओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली। होली के अवकाश से पूर्व छात्राओं ने घर जाने से पहले साथियों के साथ होली मिलन उत्सव मनाया। सभी ने अपने-अपने क्षेत्र में गाए जाने वाले फाग गीतों को भी गाया। एक-दूसरे को रंग लगाकर नृत्य किया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो. केपी सिंह, कुलसचिव हरीश चंद, परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार, वार्डन डॉ. ज्योति पांडेय ने छात्राओं को होली की बधाई दी। ऑफिस स्टाफ में मीना पांडेय, नीलाक्षी, राखी, छात्राओं में श्वेता, तनीषा, तनु, सानिया, आशा, दीक्षा, मान्या, साक्षी, वैष्णवी, अमृता, प्रियंका आदि मौजूद रहीं।

### आंवला एकादशी पर वृक्ष पूजन कर खेली होली

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला एकादशी पर आनंद आश्रम रामपुर बाग में शुक्रवार को आंवला के वृक्ष और भगवान शंकर-पार्वती की पूजा की गई। भक्तों ने भगवान शंकर को रंग लगाकर होली भी खेली। आंवला के पेड़ में भगवान विष्णु का बास माना गया है। भक्तों ने आंवला के वृक्ष की पूजा की, दीपक जलाकर कलावा बांधा और परिक्रमा की। शिव महापुराण कथा में नारद मोह और शिव पार्वती विवाह के बारे में बताया गया। अध्यक्ष प्रेमशंकर अग्रवाल, मंत्री अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, शशि कांत मोदी, विवेक अग्रवाल, अवध अग्रवाल, नर सिंह मोदी, मीडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# वैश्विक फार्मेसी परिदृश्य और उद्योग की आवश्यकताओं से रूबरू कराया

- उद्योग एवं नियामक समन्वय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन
- विदेशों में उपलब्ध करियर अवसरों के बारे में दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस व एमएल श्रॉफ की जयंती के उपलक्ष्य में बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी की ओर से उद्योग एवं नियामक समन्वय विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन हुआ। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को वैश्विक फार्मेसी परिदृश्य और उद्योग की समकालीन आवश्यकताओं से अवगत कराना था।

मुख्य वक्ता स्टेरिक मैक्स इंक मलेशिया ( मुख्यालय ओंटारियो, कनाडा ) के सहायक महाप्रबंधक डॉ. स्वदेश नायक ने ऑनलाइन माध्यम से अपने विचार रखे। उन्होंने व्याख्यान में फार्मेसी क्षेत्र में वैश्विक मांग, विश्व स्तर पर औषधि उद्योग की भौगोलिक स्थिति एवं राजस्व संरचना, विभिन्न देशों की नियामक संस्थाओं की भूमिका और विदेशों में उपलब्ध करियर अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने स्नातक उपरांत आवश्यक कौशल, करियर पथ की प्रक्रियाएं एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार प्राप्त करने की आवश्यक योग्यताओं के संबंध में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

अध्यक्षता डीन एवं फैकल्टी ऑफ फार्मेसी एवं संस्थान नवाचार परिषद के अध्यक्ष डॉ. पुष्पेन्द्र कन्नौजिया ने की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में फार्मेसी शिक्षा को उद्योग की आवश्यकताओं एवं नियामक मानकों के अनुरूप बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को शोध, नवाचार एवं कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने की प्रेरणा दी। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने सभी को बधाई देते हुए ऐसे ज्ञानवर्धक आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने पर बल दिया। संचालन बी फार्मा तृतीय वर्ष की छात्रा इकांशा रावत ने किया। शैक्षणिक प्रभारी डॉ. शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने आभार जताया। इस दौरान छात्र-छात्राएं, प्राध्यापक व कर्मचारी उपस्थित रहे।


विशेषज्ञ व्याख्यान के दौरान उपस्थित विद्यार्थी व शिक्षक। ● अमृत विचार

# स्कूल के आस-पास सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

- बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की एनएसएस यूनिट ने स्वच्छता अभियान चलाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ एलाइड एंड हेल्थ केयर साइंसेज की एनएसएस यूनिट ने शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय सिमरा अजूबा बेगम के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया।

एनएसएस स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र की सफाई की और ग्रामीणों से कूड़ा इधर-उधर न फेंकने की अपील की। बताया कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन की पहली शर्त है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य विद्यार्थियों में सेवा और जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर अंकित कुमार, असिस्टेंट प्रो. गुलफ्शां सैफी, डॉ. सनी पटेल आदि मौजूद रहे। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने अपने शुभकामना संदेश में एनएसएस यूनिट की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।


कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवक और शिक्षक। ● अमृत विचार

# आह्वान का समापन, जमकर थिरके छात्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आर्यन बने मिस्टर और अनामिका बनीं मिस आह्वान, विजेता प्रतिभागी पुरस्कृत किए
- राजश्री ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के तीन दिवसीय 17वें स्थापना दिवस कार्यक्रम का भव्य समापन

**अमृत विचार :** राजश्री ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के तीन दिवसीय 17वें स्थापना दिवस समारोह आह्वान का शुक्रवार को रंगारंग समापन हुआ। समापन अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में आर्यन को मिस्टर आह्वान तथा अनामिका को मिस आह्वान चुना गया।

स्थापना दिवस के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश से उभर रही प्रतिभाओं को मंच देना सराहनीय पहल है। चिकित्सा, तकनीकी और प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में संस्थान का योगदान क्षेत्रीय विकास का संकेत है। द्वितीय सत्र में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जल-भरो सेरेमनी के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया। मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करते हुए उन्होंने कहा कि एआई आधारित प्रतिस्पर्धी दौर में उत्कृष्ट प्रदर्शन ही सफलता की कुंजी है। चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने एआई आधारित तकनीक के वैश्विक प्रशिक्षण और उसके व्यावहारिक उपयोग पर बल देते हुए विद्यार्थियों, शोधार्थियों और विशेषज्ञों से चुनौतियों का समाधान खोजने का आह्वान किया। समारोह में विधि विभाग की ओर से प्रस्तुत न्यूज-चैनल डिबेट आधारित कार्यक्रम कानून की आवाज विशेष आकर्षण रहा। विभिन्न सांस्कृतिक व खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। स्किट, समूह नृत्य, गायन, रंगोली, आर्ट एंड क्राफ्ट के साथ क्रिकेट, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, शतरंज, टेबल टेनिस और एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बिजनेस क्विज के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। अंतिम सत्र में डीजे काम्या मेहरा के लाइव म्यूजिक शो ने समा बांध दिया। छात्र-छात्राएं देर शाम तक संगीत की धुनों पर झूमते रहे। इस अवसर पर चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल, सचिव राकेश कुमार अग्रवाल, वाइस चेयरपर्सन मोनिका अग्रवाल, प्रबंध निदेशक रोहन बंसल, एकेडमिक एडवाइजर तूलिका अग्रवाल स्वरूप, सीओओ ऋषभ बंसल और ट्रस्टी पीयूष गुप्ता मौजूद रहे।



विद्यार्थियों को सम्मानित करते सांसद छत्रपाल गंगवार, चेयरमैन राजेन्द्र अग्रवाल व अन्य।

# गणित का पेपर आया सरल, छात्रों के खिले चेहरे

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल में अंग्रेजी के बाद गणित का पेपर भी सरल आया। परीक्षा केंद्रों के बाहर आए विद्यार्थियों के चेहरे खिले नजर आए। छात्रों ने बताया कि गणित का पेपर अंग्रेजी की तरह ही आसान था। पेपर समय से पहले ही हल हो गया। सवाल घुमावदार नहीं थे, जो पढ़ा था वही आया। वहीं, शुक्रवार को दो पाली में पंजीकृत 61460 में से 57709 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 3751 अनुपस्थित रहे। हाईस्कूल में गणित की परीक्षा के लिए 27890 छात्रों और 5692 छात्राओं ने पंजीकृत कराया था।

**आवश्यकता है**

- कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया
- वार्ड बॉय

**रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

**आयोजन**

## प्रो. वसीम बरेलवी बोले- गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ी इंसानियत

# कोतवाली गेट के सामने स्व. राम देवी की स्मृति में प्याऊ का शुभारंभ

- बरेली नागरिक समाज समिति के प्रयास से प्याऊ का किया जाएगा संचालन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली नागरिक समाज समिति की ओर से स्व. राम देवी की स्मृति में संचालित प्याऊ का शुक्रवार को कोतवाली गेट पर शुभारंभ किया गया। प्रो. वसीम बरेलवी, एसपी सिटी मानुष पारीक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल आदि ने प्याऊ का शुभारंभ फीता काट कर किया।

विख्यात शायर प्रो. वसीम बरेलवी ने संबोधित करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ी इंसानियत है। नागरिक समाज समिति की यह पहल सामाजिक सरोकार की मिसाल है। समाज तभी आगे बढ़ता है, जब लोग मिलकर जनहित के कार्य करें। शहर के व्यस्त स्थल पर इस तरह की व्यवस्था अत्यंत सराहनीय है। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि कोतवाली जैसे प्रमुख स्थान पर प्याऊ की स्थापना समय की आवश्यकता थी। रोजाना सैकड़ों राहगीरों को इससे सीधा लाभ मिलेगा। पानी की स्वच्छता और नियमित देखरेख पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। जनसहयोग से ऐसे कार्य भविष्य में और भी स्थानों पर किए जाएंगे। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने कहा कि जनहित के कार्यों में सामाजिक संगठनों की सक्रिय भूमिका जरूरी है। प्याऊ जैसी छोटी पहल भी बड़े स्तर पर राहत पहुंचा सकती है। शहर में सेवा भाव को बढ़ावा देना हम सभी की जिम्मेदारी है। राहगीरों और जरूरतमंदों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने कहा कि कोतवाली में आने वालों को भी यह प्याऊ शीतलता प्रदान करेगा। प्याऊ की व्यवस्था सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

हमारी कोशिश रहेगी कि यह सुविधा व्यवस्थित और सुचारु रूप से चले। उपस्थित सभी लोगों ने शहर के प्रमुख और व्यस्त क्षेत्रों में आमजन की सुविधा के लिए की गई पहल को सराहनीय बताया। इसकी नियमित सफाई और जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान देने को की भी बात कही गई। इस अवसर पर अभय जासोदिया, देवेंद्र जोशी, संजय कोहली, मनीष अग्रवाल, अनूप कोहली मौजूद रहे। मंच का संचालन गौरव ने किया।


प्याऊ उद्घाटन के मौके पर मौजूद शायर प्रो. वसीम बरेलवी, साथ में कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, एसपी सिटी मानुष पारीक व अन्य। ● अमृत विचार

# छात्रों ने बौद्ध तीर्थ स्थल का किया शैक्षिक भ्रमण

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास एवं संस्कृति विभाग के शोधार्थियों और परास्नातक के विद्यार्थियों ने बृहस्पतिवार को फर्रुखाबाद स्थित संकीसा (बौद्ध तीर्थ स्थल) का शैक्षिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने बौद्ध स्तूप, अशोक स्तंभ अवशेष व प्राचीन पुरातात्विक संरचनाओं का अवलोकन किया।

डॉ. प्रिया सक्सेना ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों की ऐतिहासिक समझ, विश्लेषणात्मक क्षमता एवं शोध कौशल में वृद्धि होती है। डॉ. पवन कुमार सिंह, पुराविद् डॉ. अनूप मिश्रा आदि मौजूद रहे। संकायाध्यक्ष प्रो. विजय बहादुर सिंह यादव, डॉ. पिंकी गुप्ता, डॉ. आलोक कुमार, मोहित मिश्रा, होरीलाल, राजीव यादव, मुनीश साहू का योगदान रहा।